कार्यालय : जिला एवं सैशन न्यायाधीश, दौसा जिला दौसा

क्रमांकः स्था./2025/194 दिनांकः— 07.07.2025

::कार्यालय आदेश::

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पत्रांक 1198 दिनांक 02.07.25 के निर्देशानुसार समानुपातिकरण के क्रम में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 448 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, न्यायालय अपर सैशन न्यायाधीश संख्या 2, बांदीकुई में वर्ष 2016 व 2019 के लंबित सैशन्स प्रकरणों एवं इनसे सम्बन्धित विविध फौजदारी प्रकरण (यदि कोई हो) को सुनवाई एवं निस्तारण हेतु न्यायालय अपर सैशन न्यायाधीश संख्या 1, बांदीकुई में अन्तरित किया जाता है।

इसी क्रम में सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 24 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश संख्या 2, बांदीकुई में वर्ष 2016, 2018, 2019 व 2020 के लंबित सिविल वाद एवं इनसे सम्बन्धित विविध दीवानी प्रार्थना पत्र (यदि कोई हो) को तथा वर्ष 2019 के हिन्दु विवाह अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरण को सुनवाई एवं निस्तारण हेतु न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश संख्या 1, बांदीकुई में अन्तरित किया जाता है।

उपरोक्त अन्तरित किये गये प्रकरणों में निम्नाकिंत प्रकरण शामिल नहीं किये जावें :—

01. जिनमें माननीय उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय द्वारा विहित अवधि में निस्तारण के निर्देश हो या प्रकरण रिमाण्ड किया गया हो।
02. माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्थगित (Stayed) अथवा तलबी के लिए लंबित नियमित फौजदारी प्रकरण (Bail Jump and/or Standing Warrant of Absconders)
03. केवल सम्बन्धित न्यायालय में ही प्रकरण की सुनवाई किये जाने के आदेश/निर्देश हों।
04. जिन प्रकरणों से सम्बन्धित क्रॉस केस लंबित हों।

अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 2, बांदीकुई को निर्देश दिये जाते हैं कि वे प्रकरणों के पक्षकारान/अधिवक्तागण को सूचित करते हुये, अविलंब पत्रावलियां अन्तरिती (Transferee) न्यायालय को भिजवायें। अन्तरिती (Transferee) न्यायालय उक्त प्रकरणों को समायोजित करते हुये, तदनुसार लक्षित प्रकरणों की सूची तैयार करे।

07/7/25

जिला एवं सैशन न्यायाधीश
दौसा जिला दौसा

क्रमांक : 8261 To 8267 दिनांकः— 07.07.2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 1, बांदीकुई
2. अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 2, बांदीकुई
3. नोटिस बोर्ड, सम्बन्धित न्यायालय/बार एसोसिएशन, बांदीकुई
4. सिस्टम ऑफीसर, जिला न्यायालय, दौसा को वेबसाईट पर अपलोड़ हेतु
5. आदेश/रिटर्न क्लर्क/संबंधित पत्रावली

07/7/25

जिला एवं सैशन न्यायाधीश
दौसा जिला दौसा